an>

Title: Need to set up a therapy unit for treatment of cancer in Banda or Chitrakoot in Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांदा और चित्रकुट जनपद में कैंसर के हजारों मरीज हैं। मेरे क्षेत्र के अस्पतालों में कैंसर इलाज की सुविधा न होने के कारण मरीजों का बहुत दूर इलाहाबाद, कानपुर और लखनऊ जाना पड़ता है जिसकी दूरी 200 किलोमीटर से 350 किलोमीटर की दूरी पर है। मेरा संसदीय क्षेत्र गरीब लोगों का है। ऐसे लोगों के इलाज में घरों के बर्तन तक बिक जा रहे हैं। चित्रकुट धाम मंडल का कमीशनरी मुख्यालय बांदा है जो कि सेंटर प्लेस है जिसमें चार जिले बांदा, चित्रकुट, महोबा और हमीरपुर आते हैं। मध्य प्रदेश से जुड़ा हुआ सतना, पन्ना, छत्तरपुर जिले भी है जहां कैंसर के इलाज की सुविधा नहीं है।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बांदा स्थित मेडिकल कॉलेज में या चित्रकुट धाम कर्वी में स्थित जिला अस्पताल में एक कैंसर की यूनिट हो जिसमें थैरेपी की सुविधा सहित यथाशीघ्र स्थापित करने की कृपा करें। बुंदेलखंडवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग कि एम्स की स्थापना शीघ्र की जाए और बांदा क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Is Shri Harinarayan Rajbhar there? He is not there.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Mohanbhai Kalyanjibhai Kundariya.

...(*Interruptions*)

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Madam, I have also given a notice. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will allow you also. Your name is there in the list.

...(*Interruptions*)